महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री ने डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवरात्र पर्व के प्रथम दिन आज मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने माता की विधिवत पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की और साथ ही प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व की बधाई दी।

दो सहायक शिक्षक निलंबित

गरियाबंद (आरएनएस)। शैक्षणिक कार्य के दौरान नशापान करके विद्यालय आने तथा शराब के नशे में बच्चों के साथ पारपीट की शिकायत के आधार पर दो सहायक शिक्षक एल.बी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर से प्राप्त जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धरनीढ़ोडा में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी ईश्वर सिंह मांझी और नरेश कुमार कश्यप के विरूद्ध 24 अगस्त 2022 से लगातार अनुपस्थिति, शैक्षणिक कार्य के दौरान नशापान करके विद्यालय आने और शराब के नशे में बच्चों के साथ मारपीट करने की शिकायत को जिला शिक्षा अधिकारी करमन ने उक्त सहायक शिक्षकों के कृत्य को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के विपरीत मानते हुए उनके इस कृत्य से सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(2), (3) प्रदर्शित होना पाये जाने पर सहायक शिक्षक एलबी ईवश्वर सिंह मांझी और नरेश कुमार कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में दोनों सहायक शिक्षकों का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर नियत किया गया है। साथ ही निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

पुरानी रंजिश पर 5 लोगों ने बांधकर पीटा : अधेड़ की मौत, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। पड़ोसियों के बीच पुराने रंजिश पर एक परिवार के 5 लोगों ने अधेड़ को खूंटा से बांधकर लाठी-डंडे से बेदम पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिसमें 3 महिलाएं भी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोरगा चौकी के कुम्हारीसानी-धजाक निवासी बालसाय तिर्की 45 से पड़ोस के दिलेंद्र एक्का के परिवार का पुराना रंजिश था। एक्का परिवार की रिपोर्ट पर बालसाय जेल गया, जहां से कुछ दिन पहले छूटा था। शनिवार की रात 8 बजे पुराने रंजिश के चलते दिलेंद्र एक्का ने अपनी पत्नी बुधमनिया, रिश्तेदार फिलिप एक्का, उसकी मां खुलासो बाई व उसकी पत्नी सोनामोती के साथ मिलकर बालसाय को पकड़ लिया। उसे घर के आंगन में गड़े खूंटे से बांधकर डंडे से पीटा। सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना रविवार सुबह मोरगा पुलिस को मिली।

गंगाजल कलश स्वीकार कर संसदीय सचिव ने भाजपाइयों को पहनाई सब्जी की माला

महासमुंद (आरएनएस)। भाजपा के गंगाजल को स्वीकार करते हुए संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने केंद्र सरकार की वजह से बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा नेताओं को सब्जियों की माला पहनाई। गौरतलब है कि शनिवार को भाजपाइयों का विधायक निवास पहुंचकर गंगा जल कलश भेंट करने का कार्यक्रम था। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर अपने समर्थकों के साथ भाजपा नेताओं के सामने पहुंच गए।

मां महामाया में मंदिर 25 हजार ज्योति कलश के साथ नवरात्रि प्रारम्भ

रतनपुर (आरएनएस)। शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो गया है। बिलासपुर से 30 किलोमीटर दूर रतनपुर में मां महामाया का मंदिर है इस बार मंदिर में 25 हजार ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये जा रहे है। कोविड महामारी के बाद परिस्थितियां सामान्य होने के बाद इस साल देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। यही कारण है कि कालरात्रि पर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के लिए 50 बसों की व्यवस्था की गई है. देश के 51 शक्तिपीठों में से एक प्रदेश के अकेले शक्ति पीठ रतनपुर महामाया में नवरात्र में दूर-दूर से आने वाले भक्तों का रेला लग रहा है। रतनपुर का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व है। माना जाता है कि सभी युगों में यह नगरी विद्यमान रही है। रतनपुर राजा मोरध्वज की राजधानी भी रही है. रतनपुर में मां सति का दाहिना स्कंध(कंधा) गिरा था, जिसके कारण देश के अन्य शक्तिपीठों में महामाया भी शामिल है.रतनपुर की मां महामाया को कुंवारी शक्तिपीठ भी कहा जाता है।

रतनपुर महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि मां महामाया के दर्शन के पश्यात् भैरवनाथ के दर्शन आवश्यक होता है, क्योंकि भैरव महादेव का ही रुप है ऐसे में माता व पिता दोनों का ही आशीर्वाद आवश्यक होता है तभी श्रद्धालूओं की इच्छा सफल होती है। मां महामाया मंदिर से दो किलोमीटर दूर भैरव बाबा का मंदिर है और लोग यहा भी दर्शन के लिए पहुचते है जिससे यहा भी भक्ति का माहौल रहता है

माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं की लगी कतार

रायपुर (आरएनएस)। आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा की तिथि से शारदीय नवरात्र का नवदिवसीय पर्व प्रारंभ हो गया है। आदिशक्ति का आशीर्वाद पाने के लिए शहर के दंतेश्वरी मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर, कंकाली मंदिर, सतबहनिया मंदिर, बंजारीन माता मंदिर सहित माता देवालयों में आज भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन किये। शहर के चौक चौराहों में भी माता रानी की स्थापना की गई है। दोपहर शाम तक वहां भी दुर्गा समितियों द्वारा आदिशक्ति की पूजा विधिवत की जाएगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां बम्लेश्वरी के दरबार डोंगरगढ़ के लिए पदयात्रियों के लिए रायपुर एवं दुर्ग संभाग के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। कुम्हारी से लेकर डोंगरगढ़ तक विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा माता रानी के दर्शन के लिए निकले श्रद्धालु पदयात्रियों के लिए जगह जगह पंडाल लगाए गये हैं। पंडाल में भंडारा, फल इत्यादि सहित कहीं कहीं पर जरूरी दवाओं का इंतजाम भी किया गया है।

ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ में ग्रामों में माता रानी की भक्ति जसगीत जगराता, भजन कीर्तन, देर रात तक की जाती है। हमारे 28 जिलों के संवाददाताओं द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, जगदलपुर, महामाया मंदिर अंबिकापुर, रतनपुर, पातालभैरवी मंदिर राजनांदगांव, दुर्गा मंदिर झलमला, देवबलौदा, चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर, मावली मंदिर सिंगारपुर, अंगारमोती मंदिर धमतरी, सोगड़ा स्थित मां काली मंदिर जशपुर नगर सहित प्रदेश भर में आदिशक्ति की आराधना मां शैलपुत्री के पूजन के साथ ही नौ दिन तक अनवरत चलेगी।

थाना दुगली के कौहाबाहरा में 5 बोरी डीएपी. एवं 14 बोरी सुपर फास्फेट खाद चोरी करने वाले तीन आरोपियों को किया दुगली पुलिस ने गिरफ्तार

- **आरोपियों द्वारा लगभग खाद कीमती लगभग 32220/-रुपये का किया गया था चोरी**
- **पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के दिये हैं सख्त निर्देश**

धमतरी (आरएनएस)। दिनांक 19 एवं 20.08.22 के मध्य घटना स्थल ग्राम कौहाबाहरा बाजार चौक स्थित गोदाम में रखे 05 बोरी डीएपी खाद एवं 14 बोरी सूपर फोस्फट खाद कीमती करीब 13220/- रूपये को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी हीरासिंग मरकाम पिता फत्तेसिंग मरकाम उम्र 49 वर्ष साकीन गुहाननाला थाना दुगली की रिपोर्ट पर अपराध कमांक 09/22 धारा 457 , 380 भादवि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत ठाकुर द्वारा गंभीरता से लेते तत्काल कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भुरकर साहू के मार्गदर्शन में एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंग के नेतृत्व में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी एवं स्टाफ के द्वारा आसपास के तकनीकी साक्ष्यों एवं मूखबिर सूचना के आधार पर एवं संदिग्धों से पूछताछ किया गया, पूछताछ के दौरान संदेही 1. प्रेमशंकर उर्फ गणेश ध्रूव पिता किशोर कुमार ध्रुव उम्र 25 वर्ष साकीन कौहाबाहरा थाना दुगली , 2. डिगेश्वर उर्फ गोलु सेन पिता कनक प्रसाद सेन उम्र 30 सा श कौहाबाहरा थाना दुगली , 3. ओमप्रकाश उर्फ लोकनाथ मण्डावी पिता आयतू राम मण्डावी उम्र 22 वर्ष साकीन कोलियारी थाना दुगली जिला धमतरी द्वारा घटना कारित करने कबूल करते हुए चोरी किये 02 बोरी कीमती 900/- रूपये एवं घटना में प्रयुक्त किये गये आरोपीगणों के मेमोरेण्डम साक्ष्य के आधार पुराना थाना परिसर में फारेस्ट विभाग के बने मकान के कमरा से जप्त किया गया है एवं बाकी 12 नग रासायनिक खाद को तीनों मिलकर बेचकर पैसा को खर्च कर देना बताये है आरोपियों को रिमाण्ड पर भेजा जाता है।

गिरफ्तार आरोपी- 1. प्रेमशंकर उर्फ गणेश ध्रुव पिता किशोर कुमार ध्रुव उम्र 25 वर्ष सा 0 कौहाबाहरा थाना दुगली ,

02. डिगेश्वर उर्फ गोलु सेन पिता कनक प्रसाद सेन उम्र 30 सा श कौहाबाहरा थाना दुगली ,

03.ओमप्रकाश उर्फ लोकनाथ मण्डावी पिता आयतू राम मण्डावी उम्र 22 वर्ष साकीन कोलियारी थाना दुगली जिला धमतरी

सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक रमेश साहू , सउनि0 डी.एन. सिन्हा , प्रआर0 राजेश चन्द्राकर , आर0 घनश्याम साहू ,आर0 मानक साहू का विशेष योगदान रहा।

अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो को लिया अपनी चपेट में : 10 ग्रामीण घायल तीन गंभीर

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के कोड़ेनार थाना क्षेत्र अंर्तगत रायकोट के पास रविवार की शाम को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सामने चल रही एक ऑटो को अपनी चपेट में लिया, इस दुर्घटना में ऑटो में सवार 10 ग्रामीण घायल हो गये हैं जिसमें से 03 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसे 108 की मदद से उपचार के लिए मेकॉज ले जाया गया है, वहीं घटना के बाद ट्रक चालक गिरफ्तार कर लिया गया है।

कोड़ेनार थाना प्रभारी विकास रॉय ने बताया कि आज सीमेंट भरकर ट्रक कोड़ेनार की ओर जा रहा था, वहीं एक ऑटो लगभग 10 सवारी लेकर इसी मार्ग पर आगे चल रही थी, इसी दौरान ट्रक चालक ने अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया, घटना में सभी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए, दुर्घटना की सूचना पर 108 की टीम के साथ कोड़ेनार पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए मेकॉज भेजा गया है, वही 10 घायलों में 03 ग्रामीण की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हाथियों का उत्पात जारी, भैंस के बच्चे को उतारा मौत के घाट

कोरबा, 26 सितंबर (आरएनएस)। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है, यहां 22 की संख्या में घूम रहे हाथियों के दल ने बीती रात रेंज के जलके सर्किल अंतर्गत झुर्रीगोबर एवं पलामु गांव में पहुंचकर छह ग्रामीणों के मकान ढहा दिए एवं रामप्रसाद के घर के पास बंधे भैंस के बच्चे को निशाना बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया। हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने तथा भारी उत्पात मचाये जाने की सूचना मिलने पर वन कर्मी कौशल प्रसाद द्विवेदी एवं सुरेश यादव अपने साथियों के साथ गांव पहुंचे और उत्पात मचा रहे हाथियों को खदेडऩे के साथ ही सुनसान क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्रवाई की। रात 2.30 बजे के लगभग हाथियों ने जंगल का रूख किया। इस दौरान वन अमला गांव में ही डटा रहा। हाथियों के जाने के बाद वनकर्मियों ने मुख्यालय वापसी की। आज सुबह फिर हाथी ्रप्रभावित गांव पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे किया। हाथियों ने लगभग एक दर्जन किसानों की फसल भी रौंद डाली है। फसल नुकसानी का भी आंकलन किया जा रहा है। उधर केदई रेंज में में कोरबी सर्किल में घूम रहे 21 हाथियों का दल बीती रात आगे बढक़र सिरमिना पहुंच गया। यहां पहुंचने से पहले रास्ते में हाथियों ने कई किसानों की फसल रौंद डाली।

बाल विकास सेवा परियोजना विभाग का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

- **एसीबी ने की कार्यवाई**

रायपुर (आरएनएस)। एन्टी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नवनिर्मित मनेन्द्रगढ़ जिला के एक बाबू को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

एसीबी यूनिट अंबिकापुर की टीम ने आज कार्यवाही कर अवैध पारितोषिक की मांग करने वाले रविशंकर खलखो, सहायक ग्रेड-02. कार्यालय परियोजना अधिकारी एकिकृत बाल विकास सेवा परियोजना, खडग़वां, वर्तमान जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर पूर्व जिला - कोरिया, छ.ग. को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया है।

प्रार्थिया ने एसीबी अंबिकापुर में शिकायत की थी कि महिला स्वसहायता समूह के द्वारा वर्ष 2021-22 में रेडी-टू-ईट सामग्री का निर्माण एवं वितरण का कार्य किया गया था जिसका 6 माह का बिल लगभग 9,00,000/- रूपये में से 2,50,000/- रूपये का भुगतान किया जा चुका है एवं शेष राशि लगभग 6,50,000/- रूपये प्राप्त करना शेष है। उक्त राशि का भुगतान करने के एवज में कार्यालय परियोजना अधिकारी एकिकृत बाल विकास सेवा परियोजना खडगवां वर्तमान जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी - भरतपुर, छ.ग. में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 / लेखापाल रविशंकर खलखो द्वारा 1,50,000/ रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रार्थिया और आरोपी के मध्य 50-50 हजार रूपये कर किस्तों में 1,00,000/- रूपये देने की सहमति बनी। शिकायत का सहीपन होने पर आज दिनांक 26.09.2022 को प्राथिया से मांगी गई रिश्वत की रकम 50,000/- रूपये तत रविशंकर खलखो, सहायक ग्रेड-02. कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकिकृत बाल विकास सेवा परियोजना, खडग़वां वर्तमान जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पूर्व जिला- कारिया, छ.ग. को उसके कार्यालय में रंगे हाथ पकड़ा गया है।

आरोपी के विरूद्ध धारा-7(क). 12 0नि0अधि0 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनके विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

बस्तर दशहरा में फूल रथ परिक्रमा आज रविवार तक जारी रहेगी

- **1965 तक बस्तर के अंतिम महाराजा स्व.प्रवीर चंद्र भंजदेव होते थे रथारूढ़**

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर दशहरा का मुख्य आकर्षण दुमंजिला विशाकाय काष्ठ रथ की परिक्रमा मंगलवार की शाम से शुरू होगी। पहले 05 दिनों तक होने वाली रथ परिक्रमा को फूल रथ परिक्रमा पूजा विधान कहा जाता है, जिसमें मां दंतेश्वरी के छत्र को आरूढ कर इसे सिरहासार भवन से गोलबाजार, गुरुगोविद सिंह चौक होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पंहुचाया जायेगा, यह क्रम 05 दिनों तक अर्थात रविार तक जारी रहेगा। बस्तर दशहरा के दुमंजिला विशाकाय काष्ठ रथ को खींचने की जिम्मेदारी रियासत काल के दौर से जगदलपुर ब्लॉक के करीब 36 गांव के ग्रामीणों प्राप्त है जिनके द्वारा शताब्दियों से वे इसका निर्वहन करते चले आ रहे हैं।

उल्लेखनिय है कि बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा पर्व को भव्य रूप प्रदान करने में बस्तर महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव अपने जीवन के अंतिम क्षण तक संपन्न करवाते रहे। उनके जीवन काल में राजमहल का सिंहद्वार हमेशा बस्तर के ग्रामीणों के लिए खुला रहा। देवी की रथ यात्रा तथा विधानों के अनुसार पर्व संपन्न करवाना उनके दृढ़ संकल्प एवं आदर्श के रूप में आज भी याद किया जाता है। यही कारण है कि बस्तर दशहरा की चर्चा शुरू होने के साथ प्रतिवर्ष बस्तर की ग्रामीण जनता स्व. प्रवीरचंद्र भंजदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित करने बस्तर के राजमहल पहुंचती है।

पूर्व में दंतेश्वरी मांई के छत्र के साथ बस्तर महाराजा बैठते थे। स्व.प्रवीरचंद्र भंजदेव की राजा होने की मान्यता 1961 में समाप्त करने के बाद भी 1965 तक रथ पर राजपुरूष आरूढ़ होते रहे। बस्तर के अंतिम महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव की मृत्यु 1966 में होने के बाद रथ पर दंतेश्वरी मांई का छत्र ही आरूढ़ कर रथ परिक्रमा संपन्न हो रही है, इसके बाद किसी ने भी स्व.प्रवीरचंद्र भंजदेव के स्थान लेने का साहस नही किया, स्व.प्रवीरचंद्र भंजदेव की अमिट छाप आज भी बस्तर दशहरा के दौरान देखा जा सकता है, अब यह परंपरा का रूप ले चुका है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

रायपुर के सभी घरों में होगा डिजिटल डोर नंबर, यूनिक कोड से हर घर की होगी पहचान

- **कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने देवेन्द्र नगर पहुंचकर डिजिटल डोर नंबर सुविधा की ली जानकारी**
- **आपातकालीन व आवश्यक सेवाएं अब घर बैठे मिलेगी नागरिकों को**

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज देवेन्द्र नगर सेक्टर के स्ट्रीट नंबर 22 पहुंचकर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा रायपुर शहर में लगाए जा रहे डिजिटल डोर नंबर की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एम.डी. मयंक चतुर्वेदी भी उनके साथ थे। शहर के सभी 3.15 लाख घरों पर डिजिटल डोर नंबर लगाए जाने से मकान मालिक को विभिन्न करों के भुगतान, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन सहित 26 तरह की आवश्यक व आपातकालीन सेवाएं घर बैठे सुगमता पूर्वक प्राप्त होगी। इंडसइंड बैंक के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व रायपुर नगर निगम इस डिजिटल नंबर के माध्यम से सभी सम्पत्ति मालिकों को उनकी सम्पत्ति आई.डी. भी उपलब्ध करा रहा है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. व नगर निगम ने मिलकर राजधानी रायपुर के सभी मकानों को डिजिटल डोर नंबर के जरिए एक यूनिक आई.डी. प्रदान कर सुविधाओं को हाईटेक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। डिजिटल डोर नंबर के माध्यम से मकान मालिक को ई-गवर्नेंस माड्यूल से जुड़ी 26 सेवाएं घर पर लगे यूनिक डिजिटल प्लेट में छपे क्यू आर कोड को स्कैन करने से बड़ी आसानी से प्राप्त होगी। इसके लिए महापौर एजाज़ ढेबर की उपस्थिति में इंडसइंड बैंक व रायपुर स्मार्ट सिटी के मध्य 25 जून 2022 को करार हुआ था और अब इस परियोजना पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने शहर में लगाए रहे इस महत्वपूर्ण व हाईटेक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों से कहा है कि निर्धारित अवधि में सभी घरों में यूनिक नंबर लगाया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, जोन कमिश्नर आर.के. डोंगरे, मैनेजर जी.आई.एस. रंजीत रंजन सहित इंडसइंड बैंक के अधिकारी भी उपस्थित थे।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में बताया कि सभी मकानों का पृथक से एक यूनिक नंबर तैयार कर क्यू आर कोड के साथ प्लेट के रूप में घर-घर लगाया जा रहा है। इस यूनिक नंबर से सम्पत्ति कर, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन, नामांतरण, भवन अनुज्ञा, नियमितीकरण सहित 26 जरूरी सेवाओं के साथ-साथ, पुलिस, एम्बुलेंस, फ़ायर ब्रिगेड की आपातकालीन सेवाएं घर बैठे सुगमता पूर्वक मिलेगी। घर की स्पष्ट पहचान होने से डोर-टू-डोर डिलीवरी सुविधा भी इससे आसान हो जाएगी। इसके अलावा इस डिजिटल नंबर के माध्यम से सभी संपत्ति मालिकों को अपना संपत्ति आईडी भी प्राप्त होगा। रायपुर के देवेन्द्र नगर सेक्टर से डिजिटल डोर नंबर लगाने की शुरूआत कर दी गई है और 6 माह में सभी घरों में डिजिटल डोर नंबर लगा दिए जाएंगे।